भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं. 6
दिनांक 20.07.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय मीडियाकर्मियों की विदेशों में हत्या

***6. श्री नीरज डांगीः**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान विदेशों में भारतीय मीडियाकर्मियों की हुई हत्या का कोई देशवार और वर्षवार आंकड़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा विदेशों में मीडियाकर्मियों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
विदेश मंत्री
(डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

''भारतीय मीडियाकर्मियों की विदेशों में हत्या'' के विषय में 20.07.2023 को राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 6 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

विदेश स्थित में भारतीय मिशनों/केंद्रों के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में एक भारतीय मीडियाकर्मी/पत्रकार की विदेश में हत्या कर दी गई। जुलाई 2021 में अफगानिस्तान में एक भारतीय फोटो पत्रकार की हत्या कर दी गई थी।

सरकार मीडिया पत्रकारों/कर्मियों सहित विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, हिफाजत और सलामति को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और नियमित रूप से विदेशों के साथ सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करने के मामले को उठाती है।

सरकार मीडियाकर्मियों/पत्रकारों सहित भारतीय नागरिकों को अवगत कराने के लिए आवश्यकतानुसार विश्व के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा स्थिति के संबंध में परामर्शी भी जारी करती है। अस्थिर/बिगड़ती सुरक्षा स्थिति का सामना करने वाले क्षेत्रों/देशों में, संबंधित भारतीय मिशन/केंद्र सुरक्षा परामर्शी जारी करते हैं, जिसमें भारतीय नागरिकों को उनके आवास और स्थानीय आवाजाही के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया जाता है और यदि संभव हो, तो उन्हें क्षेत्र/देश छोड़ने की सलाह दी जाती है। विशेष रूप से, अफगानिस्तान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, काबुल स्थित भारतीय मिशन ने अप्रैल 2021 से कई सुरक्षा परामर्शी जारी की थी, जिसमें उन्हें अफगानिस्तान में उनके आवास और स्थानीय आवाजाही के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया गया था और भारतीयों को अफगानिस्तान छोड़ने की सलाह दी गई थी।

*****